BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345




दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, शनिवार, 16 नवंबर, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# श्री गुरु नानक देवजी का 555वां प्रकाश पर्व हर्षोल्लास और भक्ति के साथ मनाया गया

**हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

सिख धर्म के प्रथम गुरु और संस्थापक श्री गुरुनानक देवजी का 555वां प्रकाश उत्सव शुक्रवार को हजारों सिख श्रद्धालुओं और अन्य समुदाय के लोगों द्वारा धार्मिक उत्साह, उल्लास और भक्ति के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पूजा-अर्चना, गुरबानी कीर्तन और गुरु का लंगर (निःशुल्क सामुदायिक रसोई) का आयोजन किया गया। समापन समारोह का मुख्य समारोह शुक्रवार को प्रबंधक समितियों, गुरुद्वारा साहब सिकंदराबाद और गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, अशोक बाजार के संयुक्त तत्व-वधान में आयोजित किया गया। जहां 25,000 से अधिक सिख श्रद्धालुओं और अन्य समुदाय के लोगों ने प्रदर्शनी मैदान, नामपल्ली, हैदराबाद में गुरु ग्रंथ साहिब जी की प्रार्थना करके विशाल दीवान (सामूहिक समागम) में भाग लिया।

प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष बलदेव सिंह बग्गा(जीएसएस), सतविंदर सिंह बग्गा (जीएसजीएसएस), जसपाल सिंह टुटेजा (जीएसजीएसएस), महासचिव जगमोहन सिंह और हरप्रीत सिंह गुलाटी (जीएसएस) तथा जोगिंदर सिंह मुजराल (जीएसजीएसएस) ने बताया कि सामूहिक समागम शुक्रवार को सुबह 11.00 बजे शुरू हुआ, जो शाम 4.00 बजे तक चला। इस दौरान प्रसिद्ध एवं प्रतिष्ठित रागी जत्थों द्वारा गुरुबाणी कीर्तन और कथाओं का गायन किया गया। भाई लखविंदर सिंह सिंहजी (श्री दरबार साहिब, स्वर्ण मंदिर अमृतसर), भाई अमरजीत सिंह पटियाला पंजाब, हजूरी रागी जत्थे, भाई हरि सिंहजी, भाई चरणजीत सिंहजी, भाई जगदेव सिंहजी, भाई हरविंदर सिंह और अन्य प्रतिष्ठित रागी जत्थे जिन्हें इस महत्वपूर्ण अवसर के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था, ने शबद कीर्तन का पाठ किया। जिसमें जीवन के उच्च मूल्यों और सांप्रदायिक सद्भाव को आत्मसात करने पर जोर दिया गया, जिसके लिए गुरु नानक देवजी प्रयास करते थे। प्रचारकों ने सिख गुरुओं की शिक्षाओं पर भी प्रकाश डाला, जो राष्ट्रीय एकता, शांति, भाईचारे और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए खड़े थे। उन्होंने भक्तों से गुरु नानक देवजी की शिक्षाओं का पालन करने के लिए कहा जो इन दिनों बहुत प्रासंगिक हैं। उन्होंने उपदेश दिया कि धार्मिक सह-अस्तित्व, सद्भाव, शांति और सभी की प्रगति सभी सिख गुरुओं के जीवन का तरीका रहा है और यह हर किसी का संदेश है।

गुरु नानक ने मएक ओंकारफ, जिसका अर्थ है मएक सर्वोच्च वास्तविकताफ कहकर ईश्वर की एकता पर जोर दिया। गुरु नानक ने व्यापक यात्रा की और लोगों को सिखाया कि ईश्वर के समक्ष सभी समान हैं, चाहे उनकी जाति, धर्म या लिंग कुछ भी हो। उनके विचार सिख धर्म की नींव बन गए, एक ऐसा धर्म जो सत्य, प्रेम, सेवा और विनम्रता पर जोर देता है।

गुरु नानक जयंती न केवल गुरु नानक के जन्म का उत्सव है, बल्कि उनकी शिक्षाओं का भी उत्सव है, जो कालातीत और सार्वभौमिक हैं। उनके सिद्धांतों ने लोगों को ईमानदार जीवन जीने, दूसरों की सेवा करने और मानवता को एक मानने के लिए प्रोत्साहित किया। उनकी शिक्षाएँ लाखों लोगों को शांति, एकता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करती हैं। इस दिन को मनाने से अनुयायियों को निस्वार्थता और अखंडता जैसे मूल्यों का अभ्यास करने की भी याद आती है, जो सेवा (निस्वार्थ सेवा) और सिमरन (ईश्वर का स्मरण) की अवधारणाओं में सन्निहित हैं।

समागम के समापन के बाद सभी भक्तों को पारंपरिक गुरु-का-लंगर (निःशुल्क सामुदायिक रसोई) परोसा गया, जहाँ भक्त एक ही पंक्ति में बहुत अनुशासन के साथ बैठते हैं और साथी मनुष्यों के लिए एकजुटता, भाईचारे और चिंता की भावनाओं को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर एस. बलदेव सिंह बग्गा, अध्यक्ष (जीएसएस), एस. सतविंदर सिंह बग्गा, अध्यक्ष (जीएसजीएसएस), एस जसपाल सिंह टुटेजा, उपाध्यक्ष (जीए-सजीएसएस), एस जगमोहन सिंह, सचिव (जीएसएस), एस हरप्रीत सिंह गुलाटी, सचिव, (जीएसएस) एस जो-गिंदर सिंह मुजराल , सचिव (जीए-सजीएसएस) आदि उपस्थित थे।






## अत्तापुर में तीन दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ



**हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

सरदार वल्लभ भाई पटेल केसरी कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन शुक्रवार को अत्तापुर मंडल के रामबाग मैदान में किया गया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस छठी कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन राजेंद्रनगर डीसीपी चिंतामनेनी श्रीनिवास ने किया। उक्त तीन दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता में समस्त हैदराबाद शहर के पहलवान भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष चेवेल्ला संसदीय प्रभारी एन. मल्लारेड्डी, महासचिव जी. राजू पहलवान ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में भाजपा रंगा रेड्डी के जिला अध्यक्ष बोक्का नरसिम्हा रेड्डी, पार्टी के वरिष्ठ नेता वाई श्रीधर, कोमुरैया, मल्लेश यादव, विजय कुमार, नल्लिंगगु रमेश, टीआरएस के वरिष्ठ नेता कोलानु सुभाष, अतापुर सीआई वेंकटरामी रेड्डी, पत्रकार मधुसूदन राजेंद्र नगर प्रेस एसोसिएशन के प्रेसिडेंट बालू सुब्रमण्यम वं अन्य ने भाग लिया।



कश्मीर से कन्याकुमारी तक ..गाय राष्ट्रीय प्राणी.. घोषित कराने का संदेश लेकर अ.भा.गौ सेवा फ़ाउण्डेशन द्वारा लव फ़ॉर काऊ फ़ाउण्डेशन के सहयोग से आयोजित गौ बचाओ महापदयात्रा के अंतर्गत बागेश्वरधाम पहुंचे बालाकृष्ण गुरुस्वामी ने कथा वाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से शिष्टाचार भेंट कर इस संदर्भ में चर्चा की। धीरेंद्र शास्त्रीजी ने अवसर पर कहा कि गौ माता के बिना सनातन धर्म ही नहीं तथा गौ माता हमारे लिए पूजनीय भी हैं।




कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर चुड़ी बाजार स्थित महादेव हनुमान मंदिर में आयोजित पूजा एवं हवन में भाग लेते हुए सागर पुजारी, सुनील साहू, पी. गोपाल, डी. राजेंद्र, पवन कुमार, कमल महाराज, दिनेश तिवारी एवं अन्य।

## श्री पहाड़ी श्याम मंदिर में श्री श्याम भजन संध्या सम्पन्न



**हैदराबाद, 16 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

महेंद्रा हिल्स स्थित श्री पहाड़ी श्याम मंदिर में कार्तिक सुदी एकादशी के उपलक्ष्य में श्री श्याम भजन संध्या आयोजित की गई। कार्यक्रम में मनीष घीवाला (जयपुर), स्मिता गनुवाला (नागपुर) एवं आशु भारती (बूंदी, राजस्थान) ने अपनी सुमधुर वाणी में भजन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर श्याम बाबा का सजाया गया। भक्तों में तुलसी के कुण्डे एवं बाबा का खजाना वितरित किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में क्षेत्रीय पार्षद के. दीपिका एवं के. नरेश उपस्थित होकर विशेष पूजा-अर्चना की एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। बाबा श्याम जी के जन्मोत्सव में उपस्थित मंदिर के चेयरमैन अरुण डाकोतिया, कमल अग्रवाल, कल्लू भाई डाकोतिया, प्रवीण अग्रवाल, विजय अग्रवाल, ब्रिजेश मोदी, अशोक सिंघानिया, महेश सिंघानिया, अनिल संघी, नवीन गोयल एवं अन्य भक्तगण।



महन्त चेतनगिरी के सान्निध्य में मुस्लिमजंग पुल, बेगम बाज़ार स्थित अन्नकूट प्रसादी में भाग लेते हुए महामंडेश्वर महन्त अमृत दास, खाकी महंत प्रशान्त दास, उदासीन अखाड़ा विंध्याचल ब्राह्मण सेवा संघ अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय, उपाध्यक्ष रामशिरोमणि तिवारी, प्रदीप पाण्डेय, अवधेश द्विवेदी, आचार्य सत्यप्रकाश महराज, महन्त शिवपाल दास, सत्यनारायण लड्डा, संतोष सिंह, आनन्द, संतोष शर्मा, चेतन बागड़ी, लक्ष्मण बागड़ी, शिवा गिरी, विनोद गिरी, जितेन्द्र, विक्की, राजन शुक्ला, ईश्वरी प्रसाद, गौतम, रूपेश पाण्डेय, रामपाल पाण्डेय एवं अन्य।









खबरें जो सोच बदल दे शुभ लाभ

# सीरवी समाज प्रीमियर लीग-7 का दुसरा चरण कल

**हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
हैदराबाद सीरवी फ्रेन्डस् क्लब हैदराबाद द्वारा आयोजित सीरवी समाज प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के 7वें संस्करण तथा महिला वर्ग के खेलों का दुसरा चरण कल रविवार दि. 17 नवम्बर को सीरवी समाज क्रिकेट ग्राउंड अलियाबाद एवं श्रेष्ठा क्रिकेट ग्राउंड अलियाबाद में आयोजित किया जा रहा है।प्रेस को जारी विज्ञप्ति में फ्रेन्डस् क्लब के सुरेश सैंणचा ने बताया कि समाज प्रीमियर लीग-7 का तथा इस प्रतियोगिता के साथ महिला वर्ग के खेलों का बैडमिंटन खेल का प्रारंभ दि. 17 नवंबर को प्रातः 7.15 बजे से मुख्य प्रायोजक वंडरवॉल पुट्टी की टीम तथा मुख्य अतिथियों के करकमलों द्वारा किया जायेगा। इस बार खेलों को लेकर महिला वर्ग खिलाड़ीयों में भारी उत्साह नजर आ रहा है।क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 18 टीमें भाग ले रही हैं। जिसमें आईजी बिरमगुड़ा, करमनघाट, एलबी नगर, नागोल वेरिस, संगारेड्डी, शमशाबाद, मेडचल जिडिमिटला, कापरा किंग्स, रामनगर, ऑल विन 11, बालनगर सिकंदराबाद, आईजी फ्रेंड्स कलब, आईजी गुट्टा 11, हायतनगर, कुकटपल्ली, सैनिकपुरी, टीएमजी टाइटन्स क्रिकेट प्रतियोगिता के साथ-साथ महिला वर्ग के बैटमिंटन खेल शामिल होंगे। महिला वर्ग के सभी खेल सिरवी क्रिकेट ग्राउंड अलियाबाद शामिरपेट में आयोजित होंगे। यह प्रतियोगिता सिरवी फ्रेंड्स क्लब हैदराबाद तेलंगाना द्वारा आयोजित की जा रही है। भोजन की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर ही रहेगी। सभी मैचों का लाईव प्रसारण युट्युब चैनल पर किया जाएगा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सीरवी फ्रेन्डस् क्लब के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहेगा। सभी सीरवी बन्धुओं से आग्रह किया गया है कि उक्त प्रतियोगिताओं में अपना तन-मन-धन से सहयोग करके कार्यक्रम को सफल बनायें।




# रेणुका गौशाला में चंडी होमम सम्पन्न




**हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कल दि. 17 नवम्बर 2024 को चिंचोली जिला कलाभावी तांडा रोड पर रेणुका गौशाला के उद्घाटन कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को गौशाला प्रांगण में चंडी होमम सम्पन्न हुआ।

यहाँ जारी रेणुका गौशाला द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में अध्यक्ष डी. नरसिंग राव ने बताया कि डॉ. चन्नविरा शिवाचार्य की पावन निश्रा में शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा पर प्रातः 6 बजे से चंडी होमम तथा अन्य पूजा (101 जोडो के साथ) सम्पन्न हुआ। जिसमें बडी संख्या में क्षेत्रीय निवासियों ने भाग लिया।रेणुका गौशाला उद्घाटन कार्यक्रम के संदर्भ में लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेयरमेन जसमत पटेल की अध्यक्षता में एक बैठक हनुमान टेकडी स्थित दीपक भवन में आयोजित की गयी। जिसमें श्री जगन्नाथ स्वामी मठ सीतारामबाग के महंत अच्युत रामानुजाचार्य, श्री गुजराती प्रगति समाज के कार्यकारिणी सदस्य घनश्याम पटेल, ऑल इंडिया ओल्ड टेम्पल रिनोवेशन ट्रस्ट के चेयरमेन आर.के. जैन, श्री फीलखाना जैन संघ के ट्रस्टी महेन्द्र सिंघी, जागीरदार फाउंडेशन के मंत्री रिद्धीश जागीरदार, गुजराती केटरर्स के योगेश किशोरभाई पडीयार (लालाभाई), प्रशांत दिक्षीत आदि उपस्थित थे।अवसर पर जसमत पटेल ने कहा कि उद्घाटन कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार दि. 17 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से श्री सत्यनारायण कथा तथा सायं 4 बजे गौशाला उद्घाटन कार्यक्रम रहेगा। डी. नरसिंग राव द्वारा चिंचोली जिला कलाभावी तांडा रोड पर नवनिर्मित रेणुका गौशाला का उद्घाटन डॉ. चन्नविरा शिवाचार्य करेंगे तथा इस अवसर पर सम्माननिय अतिथि के रूप मे तिरूमला तिरूपति देवस्थानम धर्म प्रचार समिति बोर्ड सदस्य स्वामी कमलेश महाराज, सांसद उमेश जाधव, विशेष अतिथि के रूप में विधायक अविनाश जाधव, लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेयरमेन जसमत पटेल, सम्माननिय अतिथि के रूप में ओमप्रकाश झंवर, आल इंडिया ओल्ड टेम्पल रिनोवेशन ट्रस्ट के चेरमेन आर.के. जैन, श्री राम सेवा सदन गौशाला नंदिगांव के मंत्री कमल मर्दा, गौभक्त दिलीप कुलकर्णी, राजशेखर, महेन्द्र कुमार धनुका (पटनचेरू), प्रताप रेड्डी, एल. श्रीनिवास तथा श्री कच्छ कडवा पाटीदार समाज के पदाधिकारी भेग लेंगे।

# गोरक्षा दल के गौरक्षों ने 81 गोवंश बचाया



**हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अवैध रूप से गाड़ियों में भरकर लाई जा रही गोवंश को गौ रक्षा दल तेलंगाना, बजरंग दल, हिंदू तख्त और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं कटने बचा लिया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार गौरक्षको ने पहली डीसीएम गाड़ी टीएस 07 यू एम 5419 में 73 गोवंश घटकेसर पुलिस की सहायता से तथा दूसरी गाड़ी अशोक लीलैंड टीएस 12 यू डी 5054 में मौजूद 8 गोवंश बीबी नगर पुलिस की सहायता से छुड़ाया। इन गाड़ी में भरी कुल 81 गोवंश को पुलिस की सहायता से जीवन दान मिला है। गाड़ियों में भरे अवैध गोवंश को हैदराबाद के कत्लखाने में ले जाया जा रहा था। गोवंश को पुलिस की सहायता से श्री समर्थ कामधेनु गौशाला जियागुड़ा में सुरक्षित छोड़ा गया। इस अभियान में राष्ट्रीय गौ रक्षा दल के महासचिव एवं टीटीडी के पूर्व गौ संरक्षक कोटी श्रीधर, गौरक्षा दल तेलंगाना प्रेसिडेंट कालू सिंह, गोरक्षा दल आंध्र प्रदेश के अध्यक्ष विजय रामकुमार यादव, बीजेवाईएम युवा मोर्चा मेडचल प्रेसिडेंट पवन रेड्डी , बजरंग दल के ऊपल जिला कन्वीनर सुनील नायक ,बीजेपी तुक्कुगुड़ा काउंसलर यादगिरी अन्ना, रविंदर गौड , डॉ.इरम पुरणाम शांति गुप्ता, उमा देवी धनखड़ , रवि नंद्रेकर, गौ रक्षा दल सिटी प्रेसिडेंट शंकर यादव, परमेश कुमार , शेखर सीआरडी, बीजेपी श्रीकांत ,बिट्टू ,पवन, चंदू, कोटी मयूरेश ,सोनू सिंह बिड़ला ,मोहन यादव ,आयुष, राज, सरवन रेड्डी, भागेश ,लोकेश, चिंटू, सुमंत, मिलन, राज ,विष्णु, सजल, सचिन, लोकेश, गौतम, सतीश सिंह, नर्सिंग, सहित अन्य गौ रक्षक मौजूद थे।




सिकंदराबाद स्थित जयालक्ष्मी गार्डन आरटीसी कॉलोनी तिरमलगिरी में आगामी दि.18 नवंबर सायं 4.00 से 6.00 बजे तक योगापीस संस्थान के तत्वावधान में योग आचार्य धाकारामके संग हैदराबाद के आनंदम योगा शिविर के उदघाटनकर्ता के रूप में सुप्रसिद्ध समाजसेवी अमृत कुमार जैन को आमंत्रित करते हुए अशोक संचेती, बबीता संचेती। साथ में हैं अशोक हीरावत एवं अन्य।




पुरानापुल स्थित नवभारत निवास संघ के साई विद्या निकेतन हाई स्कूल में आईपीवाईजी और एचडब्ल्यूपीएल ने संयुक्त रूप से बाल दिवस के अवसर पर विश्व शांति कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रसिद्ध समाजसेवी अमृत कुमार जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। संघ के अध्यक्ष रवि कुमार ने बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल पद्मिनी सिंह, मिस मर्सी, भानु प्रसाद इमानुएल, वारा प्रसाद, इमानुएल जूनियर, शिक्षक और छात्र शामिल हुए।

# हिलेस के कवि सम्मेलन में हिंदी और उर्दू के कवियों ने राष्ट्रीय एकता व विश्व शांति का संदेश दिया

**हैदराबाद, 12 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)** हिंदी लेखक संघ हैदराबाद के 598वें कवि सम्मेलन में हिंदी और उर्दू के कवियों ने राष्ट्रीय एकता और विश्व शांति का संदेश दिया। कवि सम्मेलन का आयोजन नामपल्ली स्थित हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद के सभागृह में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार हिंदी और संस्कृत की विद्वान साहित्यकार डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव ने अध्यक्षता की। हिंदी लेखक संघ हैदराबाद के संयोजक व कवि गोविंद अक्षय ने संचालन किया और सभी का स्वागत करते हुए संघ की गतिविधियों से सभी उपस्थितजनों को अवगत करवाया। इस अवसर पर कानपुर (उत्तर प्रदेश) के साहित्यकार श्री अनुज कुमार तिवारी, श्रुतिकांत भारती, श्री खलिश हैदराबादी बतौर विशेष अतिथि मंच पर विराजमान थे।

विशेष अतिथि व मिलिंद प्रकाशन के संचालक श्रुतिकांत भारती ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की ताक़त हमेशा एकता में होती है यह कहावत बिल्कुल सच है। राष्ट्र में एकता से कई विकट परिस्थितियों में भी लोगों ने सफलता प्राप्त की है।

विशेष अतिथि व उर्दू के सुप्रसिद्ध शायर खलिश हैदराबादी ने कहा कि हिंदी लेखक संघ हैदराबाद पुरानी संस्था है जो हिंदी और उर्दू के साहित्यकारों तथा कवियों को एक मंच पर लाकर सेतु का कार्य कर रही है जो सराहनीय है। विशेष अतिथि अनुज कुमार तिवारी (कानपुर, उत्तर प्रदेश) ने कहा कि हैदराबाद में हिंदी की गतिविधियों को देखकर मैं बहुत प्रसन्न हूँ। यहाँ के साहित्यकारों में हिंदी के प्रति अनुराग और श्रद्धा देखकर बड़ी प्रसन्नता हुई। गीत चाँदनी की संयोजिका व कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय एकता और विश्व शांति पर कवियों ने अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कर श्रोताओं का दिल जीत लिया है। सभी कवियों को उन्होंने बधाई और शुभकामनाएँ दीं।

कवि सम्मेलन में हिंदी और उर्दू के कवियों ने राष्ट्रीय एकता और विश्व शांति के साथ-साथ देश की समसामयिक समस्याओं और जीवन के विभिन्न विषयों पर अपने गीत, ग़ज़ल और हास्य-व्यंग्य की कविताओं का पाठ कर ख़ूब वाहवाही की।

इस अवसर पर हिंदी और उर्दू के शायर अंजनी कुमार गोयल को उर्दू अकादमी, तेलंगाना राज्य द्वारा लाइफ़ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित होने के उपलक्ष्य में गीत चाँदनी, हिंदी लेखक संघ, गोलकोण्डा दर्पण, सीता युद्धवीर पुस्तकालय और शोध संस्थान आदि के साहित्यकारों की ओर से बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएँ दी गयीं। अंत में संयोजिका व कवयित्री श्रीमती रत्नकला मिश्र ने सभी लेखकों, कवियों तथा हिंदी प्रेमी श्रोताओं के प्रति धन्यवाद व आभार प्रस्तुत किया। कवि गोविंद अक्षय की ओर से जलपाल की व्यवस्था की गयी थी।



कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर जंगल विठोबा मंदिर में आयोजित विशेष पूजा-अर्चना करते हुए जामबाग डिविजन के पार्षद राकेश जायसवाल, पार्षद शंकर यादव, पार्षद लाल सिंह, पांडू ादव एवं अन्य भक्तगण।

# तेरापंथ भवन में मंगल भावना समारोह का भव्य आयोजन

**हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेरापंथ भवन,सिकन्दराबाद में शासन श्री साध्वीश्री शिवमाला के सफलतम चातुर्मासकी सानन्द सम्पन्नता पर भाग्यनगरवासियों द्वारा मंगल भावना समारोह मनाया गया।राजेन्द्र बोथरा द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार तेरापंथ सभा के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में उपस्थित जन मेदिनी को सम्बोधित करते हुए शासनश्री साध्वीश्री शिवमाला आज हमें आत्मिक प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। हमारा भाग्यनगर में चातुर्मासिक आध्यात्मिक प्रवास सफल रहा। अब हमारा प्रस्थान गुरु निर्देशानुसार, मुम्बई की ओर होने जा रहा है, इस बात की अपार प्रसन्नता है।भाग्यनगर का सम्पूर्ण श्रावक समाज श्रद्धा समर्पण भावना से समृद्ध है। तेरापंथ का विनीत श्रावक समाज मिला यह भी हमारा सौभाग्य है। जिनमें गुरु-भक्ति, संघ-भक्ति घनीभूत है।



साध्वी श्री जी ने कहा- सिकन्दराबाद में आयोजित इस चातुर्मास में मुख्य दायित्व, तेरापंथी सभा,सिकन्दराबाद का रहा है। सभा के अध्यक्ष सुशील जी संचेती ने अपना दायित्व बखूबी निभाया है। वे धीर, गंभीर और शांत प्रकृति के व्यक्ति है। सम्पूर्ण टीम कार्यकारी है। तेरापंथ महिला मंडल, तेरापंथ युवक परिषद तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, अणुव्रत समिति, किशोर मंडल, कन्या मंडल, ज्ञानशाला परिवार आदि सभी संस्थाओं ने हर कार्यक्रम को उत्साह के साथ सम्पादित किया । समय, शक्ति और श्रम का सुन्दर समायोजन किया, सभी साधुवाद के पात्र है। इसी प्रकार सभी संस्थाए संघ विकास के लिये अपनी सृजन चेतना का उपयोग करती रहे। गुरु इंगित की आराधना, संघ मर्यादा और अनुशासन की विशेष अनुपालना करें। यही हमारी आध्यात्मिक मंगल कामना है।

महिला मंडल की बहनो द्वारा मंगल गीत प्रस्तुत किया। जैन तेरापंथ वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन महेन्द्र जी भंडारी, श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा,सिकंदराबाद के अध्यक्ष सुशील जी संचेती, पूर्वाध्यक्ष बाबूलाल जी बैद, तेरापंथ महिला मण्डल अध्यक्षा कविता जी आच्छा, मंत्री सुशीला मोदी, तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष अभिनंदन नाहटा, टीपीएफ़ अध्यक्ष वीरेंद्र जी घोषल, अणुव्रत समिति अध्यक्ष प्रकाश जी भंडारी, श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा,सिकंदराबाद के मंत्री हेमन्त जी संचेती, सम्पत जी नौलखा, लक्ष्मीपत जी डूंगरवाल, विहार सेवा प्रभारी- प्रेमसुख बैंगानी, राज कुमार बोकडिया, संपत नौलखा, टीपीएफ़ राष्ट्रीय सह मंत्री मोहित जी बैद, श्रीमती चांद बैद,महिला मंडल मंत्री सुशीला जी मोदी, मीडिया प्रभारी मीनाक्षी सुराणा, राजेश जी सेठिया, राज कुमार जी सुराणा, सुरेश जी सुराणा, अरिहंत गुजरानी,अंजु जी बैद, संगीता जी गोलछा, खुशाल भंसाली, किशोर मंडल के संयोजक ऋषभ चिंडालिया, तिलोक जी सिपानी, राजश्री श्यामसुखा, अंजू बैद, समन संस्कृति संकाय से सीमा नाहर, सरला पी भूतोड़िया, प्रियदर्शनी जैन ने साध्वी श्री के चातुर्मास की ऐतिहासिक बताते हुए आगामी विहार के प्रति मंगल कामना की। ज्ञानशाला परिवार के साथ ज्ञानशाला प्रशिक्षिकाओं मंगल गीत प्रस्तुत किया। महिला मंडल की बहनो द्वारा नाटिका भी प्रस्तुत की गई।

# दिल्ली में 12 दिसंबर को इतिहास रचने की तैयारी कर रहा विप्र समाज

**नई दिल्ली, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
दिल्ली में 12 दिसंबर 2024 को देश भर के विप्र समाज का अब तक का सबसे विशाल समागम होने जा रहा है। अपने आप में इस तरह के अनूठे और विशेष कार्यक्रम के तहत 2024 के लोकसभा चुनाव में विजयी हुए देश भर के सभी विप्र समाज के लोकसभा सांसद एवं राज्यसभा सांसद तथा ब्राह्मण मंत्रियों का सम्मान होना निश्चित हुआ है।इसकी रूपरेखा तय हो चुकी है। रणनीति को लेकर लगातार बैठकों और मुलाक़ातों का दौर चल रहा है। अखिल भारतीय ब्राह्मण परिवार (एबीबीपी) के बैनर तले कार्यक्रम के आयोजक सुदर्शन प्रसाद तिवारी अपनी टीम के साथ दिल्ली में डटे हुए हैं। गत दि. 11 नवंबर की शाम को हेली रोड पर हुई बैठक में कार्यक्रम के विशेष सयोजक सीनियर एडवोकेट रोहित पांडेय (पूर्व सेक्रेटरी, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन) एवं समाजसेवी रमेश मिश्र (कहानीतक डॉट काम के सम्पादक) समेत विप्र समाज के लोग मौजूद रहे।

भारत और इसके हर वर्ग को मज़बूत करने के लिए विप्र समाज ने ब्राह्मणों की एकजुटता का आह्वान किया है। सुदर्शन प्रसाद तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण वर्ग ने समाज और राष्ट्र के लिए सदा त्याग किया है। किंतु पिछले दो-तीन दशकों में जातिगत सियासत और कुछ राजनीति दलों ने लोगों को जाति के नाम पर लड़ाया। कुछ को फायदा देकर बाक़ी लोगों को पीछे करने की साज़िश की गई। ब्राह्मण समाज ने सदा ज्ञान, मार्गदर्शन, मेहनत और राष्ट्रप्रेम की अलग जगाई है। सबको साथ लेकर चलने के लिए विप्र समाज सदा सजग रहता है। अब समय की आवश्यकता है कि एक बार फिर बाह्मण समाज अपनी ताक़त को पहचाने तथा समाज को एकजुट करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाकर बड़ा संदेश दे।

समाज और राष्ट्र सदा ब्राह्मण वर्ग के चिंतन में रहता है। इसलिए 12 दिसंबर 2024 को अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में विप्र समाज के लोगों का सम्मान समारोह आयोजित होगा। समाज के अलग-अलग वर्ग के उत्थान और उत्कृष्टता के लिए कार्य करने वाले विप्र बंधु-भगिनियों का वंदन-अभिनंदन होगा। कार्यक्रम के विशेष संयोज एडवोकेट रोहित पांडेय ने कहा कि विप्र समाज को अब बदलते हुए दौर में एक नए संकल्प के लिए साथ एकजुट होना होगा। पूरे देश में जहां कहीं भी ब्राह्मणों को हमारी ज़रूरत है तो हमें उनके लिए हर तरह से उपलब्ध रहना होगा। इसके साथ ही जहां कहीं भी समाज को ब्राह्मण वर्ग की ज़रूरत होगी, तो हम अपने कर्तव्यों से पीछे नहीं हटेंगे।अखिल भारतीय ब्राह्मण परिवार के सदस्य एवं आयोजन कमेटी में शामिल श्री रमेश मिश्रा ने बैठक में कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए देशभर में बैनर, पोस्टर, स्टीकर और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा. जल्द ही आयोजन की विशेष झलकियां अलग-अलग माध्यम से देखने को मिलेंगी।

# भारत बनाम मलेशिया फीफा मैत्री मैच पोस्टर का मुख्यमंत्री द्वारा अनावरण




**हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद के गच्चीबावली स्टेडियम में भारत और मलेशिया के बीच आगामी फीफा मैत्री मैच के पोस्टर का अनावरण किया। यह मैच 18 नवंबर, 2024 को होना है और यह फुटबॉल प्रशंसकों के लिए एक रोमांचक मुकाबला होने वाला है।

यह आयोजन तेलंगाना खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में होगा, जो राज्य के खेल कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण क्षण होगा। अनावरण समारोह में उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, मंत्री सबिता इंद्र रेड्डी, पोन्नम प्रभाकर और केशव राव और नरेंद्र रेड्डी जैसे वरिष्ठ सरकारी सलाहकारों सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। कार्यक्रम में अन्य प्रमुख हस्तियों में टीपीसीसी अध्यक्ष और एमएलसी महेश कुमार गौड़, SAT के अध्यक्ष शिवसेनरेड्डी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।यह मैच भारत में फुटबॉल को बढ़ावा देने के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है और यह तेलंगाना और पूरे देश में प्रशंसकों के लिए एक शानदार खेल तमाशा होने का वादा करता है। उच्च स्तरीय खेल आयोजनों की मेजबानी के लिए प्रसिद्ध गाचीबोवली स्टेडियम में भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है, क्योंकि दोनों टीमें एक रोमांचक मुकाबले की तैयारी कर रही हैं।

# लोक मंथन-भाग्यनारा 2024 की मेजबानी करेगा हैदराबाद

**हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने शुक्रवार को घोषणा की कि एक प्रतिष्ठित सांस्कृतिक और बौद्धिक सम्मेलन लोक मंथन-भाग्यनारा 2024 आगामी दि. 21 से 24 नवंबर तक हैदराबाद में होगा।श्री रेड्डी ने शुक्रवार को मीडिया से कहा कि इस चार दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय और वैश्विक मुद्दों पर कला, संस्कृति और संवाद को प्रदर्शित करने के लिए एक जीवंत मंच प्रदान करना है।इस कार्यक्रम का उद्घाटन 22 नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी, जिसमें आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू और कई केंद्रीय मंत्रियों सहित प्रमुख गणमान्यों के शामिल होने की उम्मीद है। रेड्डी ने बताया कि इस कार्यक्रम में 12 देशों के प्रतिनिधि, 100 से अधिक वक्ता और 1,500 कलाकार भाग लेंगे, जो भारतीय एकता और सांस्कृतिक विरासत पर जोर देते हुए 350 प्रस्तुतियां देंगे। पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू 21 नवंबर को स्टॉल और प्रदर्शनियों का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए रेड्डी ने बताया कि बौद्धिक चर्चा को बढ़ावा देने और भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं का जश्न मनाने के लिए हर दो साल में लोक मंथन आयोजित किया जाता है।




भोपाल, रांची और असम में सफल आयोजनों के बाद यह पहली बार है जब दक्षिण भारत में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। रेड्डी ने इस कार्यक्रम की तुलना समुद्र मंथन से की, जो वैश्विक और राष्ट्रीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए विविध दृष्टिकोणों को एकजुट करने में इसकी भूमिका को दर्शाता है। उन्होंने कहा, यह राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय भावना को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह कार्यक्रम बिरसा मुंडा जयंती के उत्सव के साथ मेल खाता है, जिसे केंद्र सरकार आदिवासी सम्मान दिवस के रूप में मनाती है। रेड्डी ने कहा कि ग्रामीण कलाकार अपने शिल्प और कौशल का प्रदर्शन करेंगे, जिससे आगंतुकों को पारंपरिक कला रूपों का प्रत्यक्ष अनुभव करने का एक अनूठा अवसर मिलेगा।

100 से अधिक सांस्कृतिक गतिविधियों की योजना के साथ, लोक मंथन-भाग्यनार 2024 सभी क्षेत्रों के लोगों के लिए खुला है। कार्यक्रम कला प्रेमियों और बुद्धिजीवियों को सांस्कृतिक विरासत और वैश्विक मुद्दों की गहरी समझ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदर्शनियों, प्रदर्शनों और चर्चाओं में खुद को विसर्जित करने के लिए आमंत्रित करता है।

## किशन रेड्डी ने कांग्रेस पर महाराष्ट्र में भ्रामक अभियान चलाने का लगाया आरोप

**हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
केंद्रीय मंत्री एवं तेलंगाना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने राज्य के लोगों से अधूरी गारंटी देने के लिए कांग्रेस पार्टी की शुक्रवार को तीखी आलोचना की और उस पर महाराष्ट्र में भ्रामक अभियान चलाने का आरोप लगाया।श्री रेड्डी ने यहां मीडिया संबोधित किया और कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने राज्य को छह गारंटियों को लागू करने का दावा किया था, लेकिन अभी तक उनको पूरा नहीं किया गया है।



## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

**सोना : 76,280/-**
**(प्रति 10 ग्राम)**
**चाँदी : 90,745/-**
**(प्रति किलोग्राम)**

## तेलंगाना सरकार ट्रांसजेंडरों को करेगी यातायात स्वयंसेवकों के रूप में नियुक्त



**हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)**
तेलंगाना सरकार हैदराबाद में ट्रैफिक प्रबंधन और ड्रंक एंड ड्राइव की जांच के लिए ट्रांसजेंडरों को ट्रैफिक स्वयंसेवक के रूप में नियुक्त करेगी।मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने गुरुवार शाम संबंधित अधिकारियों को हैदराबाद शहर में बढ़ती यातायात समस्याओं का समाधान करने के लिए यातायात स्वयंसेवकों के रूप में ट्रांसजेंडरों की नियुक्ति पर ध्यान केंद्रित करने का आदेश दिया।जैसा कि पहले निर्णय लिया गया था, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से पहले चरण में उच्च यातायात क्षेत्रों में ट्रांसजेंडरों को यातायात स्वयंसेवकों के रूप में नियुक्त करने का आदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिग्नल जंपिंग वाले स्थानों पर होम गार्ड की तर्ज पर ट्रांसजेंडरों की सेवाएं ली जाए और यातायात नियमों का उल्लंघन रोका जाए।श्री रेड्डी ने अधिकारियों को ड्रंक एंड ड्राइव निरीक्षण बिंदु पर ट्रांसजेंडरों को तैनात करने और शहर में बढ़ते मामलों में कमी लाने के लिए उनकी सेवाओं का उपयोग करने का भी सुझाव दिया।

अधिकारियों से ट्रांसजेंडरों के लिए एक विशेष ड्रेस कोड को अंतिम रूप देने और होमगार्ड के समान वेतन देने के लिए कहा गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस निर्णय को प्रयोग के तौर पर जल्द से जल्द लागू करने का निर्देश दिया।

# इरिसेट में विभिन्न श्रेणियों में खेल-कूद प्रतियोगिताएं आयोजित



**हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
भारतीय रेल सिगनल इंजीनियरी और दूरसंचार संस्थान (इरिसेट) भारतीय रेल का एक केंद्रीकृत प्रशिक्षण संस्थान है जो सभी क्षेत्रीय रेलवे के सिगनल एवं दूरसंचार विभाग के अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को रेल सिगनलिंग और दूरसंचार में प्रशिक्षण प्रदान करता है।

संस्थान, तकनीकी प्रशिक्षण के अलावा प्रशिक्षुओं के समग्र विकास पर बल देता है। योग, खेल- कूद और शारीरिक प्रशिक्षण, दैनिक गतिविधियों का भाग हैं, जिनमें प्रशिक्षुओं को भाग लेना अनिवार्य है। सांस्कृतिक और खेल-कूद कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। क्रिकेट, वॉलीबॉल, टग ऑफ वॉर, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम और शतरंज आदि खेलों की विभिन्न श्रेणियों में खेल-कूद कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें महिला एकल, महिला युगल, मिश्रित युगल, पुरुष एकल और पुरुष युगल की प्रतियोगिताएं होती हैं।

दि.07से 12नवंबर तक 150 से अधिक प्रविष्टियों के साथ खेल-कूद कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें प्रशिक्षु कनिष्ठ इंजीनियर/वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (डिजाइन) के लिए प्रारंभिक पाठ्यक्रम, प्रशिक्षु कनिष्ठ इंजीनियर/ वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (दूरसंचार) के लिए प्रारंभिक पाठ्यक्रम, कनिष्ठ इंजीनियर / वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (सिगनल/डिजाइन) के लिए सिगनलिंग में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, कनिष्ठ इंजीनियर / वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर के लिए दूरसंचार में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, मेधा ईआई के लिए एप्लीकेशन डेटा और वीडीयू डेटा डिजाइनिंग पर पाठ्यक्रम, ग्रुप बी अधिकारियों (दूरसंचार से सिगनल) के लिए इंटीग्रेशन पाठ्यक्रम, स्वचालित ट्रेन संरक्षा कवच पर पाठ्यक्रम के 8 बैच और इरिसेट स्टाफ शामिल थे। क्रिकेट, वॉलीबॉल, टग ऑफ वार, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम और शतरंज की विभिन्न श्रेणियों में खेल-कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें महिला एकल, मिश्रित युगल, पुरुष एकल और पुरुष युगल की प्रतियोगिताएं शामिल थीं।

शरद कुमार श्रीवास्तव, महानिदेशक द्वारा सुशील नामदेव, वरिष्ठ आचार्य एवं खेल प्रभारी, अन्य अधिकारियों और प्रशिक्षुओं की उपस्थिति में प्रतियोगिताओं के 45 विजेताओं और 45 रनर्स को, समन्वयकों सहित पुरस्कार प्रदान किए गए।

## कृषि मंत्री तुम्मला ने तेलंगाना में धान उत्पादन की सराहना की

**हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना के कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने शुक्रवार को घोषणा की कि राज्य ने धान उत्पादन में रिकॉर्ड 1.53 करोड़ मीट्रिक टन का एक नया मानक स्थापित किया है।इससे पहले, यह राज्य 1.46 करोड़ मीट्रिक टन के साथ दूसरे स्थान पर था।उन्होंने इस सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को दिया। शुक्रवार को सचिवालय में मीडिया से बात करते हुए राव ने बताया कि बारीक (छोटे आकार वाले) धान की खेती में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो अब 40 लाख एकड़ में फैल चुकी है, जबकि पहले 25 लाख एकड़ में फैलती थी। इस वृद्धि का श्रेय कांग्रेस सरकार द्वारा बारीक धान के लिए प्रति क्विंटल 500 रुपये बोनस की घोषणा को जाता है।

इस बीच, मोटे (बड़े आकार वाले) धान की खेती पहले के 41 लाख एकड़ से घटकर 25 लाख एकड़ रह गई है। राव ने धान खरीद प्रक्रिया को बढ़ाने में कांग्रेस सरकार की महत्वपूर्ण प्रगति को रेखांकित किया। बीआरएस शासन के दौरान 4,555 केंद्रों की तुलना में राज्य भर में धान क्रय केंद्रों की संख्या बढ़कर 7,411 हो गई है। इसके अतिरिक्त, खरीद प्रक्रिया अब 25 जिलों को कवर करती है, जबकि पिछली सरकार के तहत 17 जिले थे। वर्तमान में 9.58 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है, जो बीआरएस शासन के दौरान हासिल 9.35 मीट्रिक टन से अधिक है। इसके अलावा, कांग्रेस सरकार ने किसानों को 2,222 करोड़ रुपये वितरित किए हैं, जो पिछले प्रशासन के तहत भुगतान किए गए 2,050 करोड़ रुपये से अधिक है। मंत्री ने बीआरएस और भाजपा पर राज्य में राजनीतिक प्रभुत्व हासिल करने के लिए कृषि मुद्दों का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि अनाज की खरीद केंद्रीय दिशा-निर्देशों के अनुसार आगे बढ़ रही है और किसानों को आश्वस्त किया कि अनाज और कपास की खरीद में कोई बड़ी बाधा नहीं है। राव ने विपक्ष के दावों को निराधार और राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा, अगर सरकार की ओर से कोई गलती हुई है, तो हम उसे सुधारने के लिए तैयार हैं।


### सार्वजनिक सूचना

जनसाधारण को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल सिकंदरगुड़ा गांव, बंदलागुड़ा जागीर ग्रामपंचायत, राजेंद्रनगर मंडल, रंगारेड्डी में स्थित ग्राम पंचायत सर्वे नं. 1/भाग में प्लॉट सं. 78 और 79, प्रत्येक प्लॉट का क्षेत्रफल 200 वर्ग गज, कुल क्षेत्रफल 400 वर्ग गज भूमि **(1) बुक्का अरविंद कुमार और (2) अर्चना बुक्का** से खरीदने के इच्छुक हैं और बिक्री की सभी शर्तें पूरी की है। अगर किसी व्यक्ति/व्यक्तियों को ऊपर उल्लेखित सम्पत्ति के बिक्री व्यवहार में किसी भी स्वभाव का कोई अधिकार, दावा, स्वामित्व या आपत्ति हो तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से **(07) सात दिनों** के भीतर इसके सभी मूल समर्थन वाले दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें, अन्यथा उक्त बिक्री व्यवहार पूरा कर लिया जाएगा और उसके बाद किसी भी प्रकार एवं स्वभाव के किसी दावे या आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

हस्ता/- **मैसर्स अक्षत संघी**
एडवोकेट,
नं.302, 5-8-277, वंश टावर्स,
चिराग अली लेन, नामपल्ली,
हैदराबाद-500001




**मोजमजाही मार्केट स्थित श्री हनुमान जी एवं माँ अन्नापूर्णा मंदिर में आयोजित अन्नकूट के अवसर पर हनुमानजी की आरती करते हुए श्यामा देवी शुक्ला एवं अन्य भक्तगण।**


**IN THE COURT OF THE HON'BLE I SENIOR CIVIL JUDGE, CITY CIVIL COURT :: AT :: HYDERABAD**
**S.O.P No. 124 OF 2024**
Between:
Khan Ayesha Fatima & others ...Petitioners
**AND**
State Bank of India & another ...Respondents

Take notice that above named petitioners filed SOP No.124/2024 before the Hon'ble I Senior Civil Judge, City Civil Court, Hyderabad u/Sec-372 of the Indian Succession Act, 1925 for grant of succession certificate in favour of the petitioners to receive the amounts deposited by the deceased Mohammed Afsar ali Khan in the State Bank of India, Medhipatnam Branch, Hyderabad and the SOP is posted on **28.11.2024 at 10.30 A.M.** Any person has interest in the subject matter of the SOP may appear either in person or through advocate on the said date and time, falling which matter will be proceeded with in accordance with law.

**(By order of the Court)**
Sd/-
**MUBEENA FATIMA**
Advocates
RAO & CO.LAWYERS
at 3-6-442/A, St.No.5,
Himayatnagar, Hyd.


# आंध्र प्रदेश के शिक्षा मंत्री ने अगले शैक्षणिक वर्ष तक रिक्त शिक्षक पदों को भरने का वादा किया

**विजयवाड़ा, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
आंध्र प्रदेश के शिक्षा, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री नारा लोकेश ने शुक्रवार को अगले शैक्षणिक वर्ष तक राज्य में सभी रिक्त शिक्षक पदों को भरने का वादा किया।

विधानसभा में बोलते हुए लोकेश ने कहा कि मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने अपने वादे के अनुसार कार्यभार संभालने के तुरंत बाद डीएससी फाइल को मंजूरी दे दी, उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य बिना किसी कानूनी उलझन के सभी रिक्त शिक्षक पदों को भरना है।

विधायकों लोकम माधवी, काकरला सुरेश और पल्ला श्रीनिवास राव को जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि 1994 से लंबित सभी मामलों का विवरण एकत्र किया गया है और राज्य सरकार ने बिना किसी बाधा के डीएससी अधिसूचना जारी करने का फैसला किया है।सदन को सूचित करते हुए कि डीएससी उम्मीदवारों की आयु सीमा बढ़ाने से संबंधित फाइल मुख्यमंत्री के पास लंबित है, लोकेश ने कहा कि एक बार फाइल मंजूर हो जाने के बाद आयु सीमा में छूट पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 1994 से पहले शिक्षक भर्ती संबंधित जिला परिषदों द्वारा की जाती थी और टीडीपी के सत्ता में आने के बाद 1.8 लाख शिक्षक रिक्तियों को भरने के लिए 15 डीएससी आयोजित किए गए।पिछली वाईएसआरसीपी सरकार पर एक भी रिक्त शिक्षक पद न भरने के लिए कटाक्ष करते हुए मंत्री ने टिप्पणी की कि केवल डीएससी उम्मीदवारों को झांसा देने के लिए विधानसभा चुनाव



से ठीक दो महीने पहले 12 फरवरी, 2024 को अधिसूचना जारी की गई थी। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया बिल्कुल भी आगे नहीं बढ़ी।

लोकेश ने आरोप लगाया कि स्कूलों के विलय के नाम पर जीओ 117 के माध्यम से पिछली सरकार ने गरीब छात्रों और शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं के अधीन किया था और एपी-मॉडल शिक्षा की प्रणाली लाने में शिक्षकों को भागीदार बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

मंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया जाना चाहिए। लोकेश ने घोषणा की, स्कूल शिक्षा आयुक्त जीओ 117 पर वास्तविक तथ्यों को जानने के लिए शिक्षक संघों के साथ चर्चा कर रहे हैं। हम निश्चित रूप से जीओ 117 का विकल्प लाएंगे, क्योंकि शिक्षकों को कभी भी किसी तरह के उत्पीड़न का सामना नहीं करना चाहिए। उन्होंने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के साथ इस मामले पर चर्चा करने के बाद शिक्षकों के खिलाफ लंबित सभी झूठे मामलों को हटाने का वादा किया, जो पिछली सरकार द्वारा तब दर्ज किए गए थे, जब शिक्षकों ने अपनी समस्याओं को उजागर करने के लिए धरना दिया था। सदन को सूचित करते हुए कि एक बुनियादी ढांचा निगरानी प्रबंधन प्रणाली निश्चित रूप से पेश की जाएगी, मंत्री ने कहा कि उन्हें आने वाले पांच वर्षों में शिक्षा के एपी-मॉडल को लाने का भरोसा है।


## भावभीनी श्रद्धांजलि



हमारी समधनजी
**श्रीमती संतोष बाई**
(धर्मपत्नी : साहजी श्री गोपालदासजी अग्रवाल)
स्वर्गवास : शनिवार दि.9-11-2024

हृदय की गहराइयों से आपको श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं हम ।
आपकी सरलता, सद्व्यवहार को कभी न भुला पायेंगे हम ।।

- श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता -
**केशवप्रसाद ओमप्रकाश तायल**
**TAYAL JEWELLERS**
Ghansi Bazar, Hyderabad

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, Alok S/o EX Sub D N Singh is legally father of ARADHYA R/o Village- Khurma, Teh Meja, District - Prayagraj, PIN-212104, State- (Uttar Pradesh) have changed my daughter name from ARADHYA to " ARADHYA SINGH" and DOB is 21/03/2013 add in my service documents vide affidavit dated 21/08/2024 before Notary J S Shukla Prayagraj.

**CHANGE OF NAME**
I, Alok S/o Ex Sub D N Singh is legally father of ADHVIKA R/o Village- Khurma, Post Tisen Tulapur, Tehsil- Meja District -Prayagraj, PIN-212104, State- (Uttar Pradesh) have changed my daughter name from ADHVIKA to " ADHVIKA SINGH" and DOB is 30/01/2016 add in my service documents vide affidavit dated 21/08/2024 before Notary J S Shukla Prayagraj.

**CHANGE OF NAME**
I, HANNAH MARRY spouse of Service No. 14592927X Ex.Sep VALASINGAM A ANTHONY DASS, R/o.4-442/2/A/1, TSR Nagar, Near TSR Swimming Pool, Meerpet, K.V Ranga Reddy - 500097, Telangana have changed my name from **HANNAH MARRY** to **PERUMALLA HANNAH MARY** vide affidavit dt:15-11-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad and my DOB is 03-09-1966.

**CHANGE OF NAME**
I, RICHA is legally wedded spouse of Alok R/o Village- Khurma, Post- Tisen Tulapur, Tehsil Meja, District - Prayagraj, PIN-212104, State- (Uttar Pradesh) have changed My Name from RICHA to "RICHA SAXENA" and DOB is 22/02/1984 add in my husband Service documents vide affidavit dated 21/08/2024 before Notary J.S Shukla Prayagraj.

**CHANGE OF NAME**
I, DALACHHIBEN AMARATBHAI SUNAKA, is legal Mother of SUNAKA ANKITKUMAR AMRUTBHAI, residing at Vill & PO- Kumbhasan, Teh-Palanpur, Dist- Banaskantha, Gujrat. PIN-385515. I have changed my Name from **SUNAKA DALISHBEN** to **DALACHHIBEN AMARATBHAI SUNAKA** for all purpose vide affidavit dated: 06/11/2024.

